हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 23 सितंबर 2025







## आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी ने किया निरीक्षण

# वंदे मातरम पार्क का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

**नागपुर.**

नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने सोमवार को शहर के मध्य स्थित एम्प्रेस मिल परिसर में निर्मित हो रहे वंदे मातरम पार्क का निरीक्षण किया और कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। यह अनूठा स्मृति उद्यान युद्ध में शहीद सैनिकों, वीरता पदक विजेताओं, पूर्व सैनिकों, तथा वीरता प्राप्त सैनिकों की विधवाओं और आश्रितों को समर्पित किया जा रहा है।

एक लाख वर्गफुट क्षेत्र में बन रहा यह पार्क नागपुर नगर निगम की एक अनोखी पहल है, जो देशभक्ति, स्मृति और सामाजिक संवेदना का प्रतीक बनेगा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी: निरीक्षण दौरे में आयुक्त डॉ. चौधरी के साथ अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी., पूर्व महापौर दयाशंकर तिवारी, उपायुक्त गणेश राठोड, कार्यकारी निदेशक कमलेश चव्हाण, उद्यान संरक्षक अमोल चौरापागर समेत कई अधिकारी और अभियंता उपस्थित थे। कार्य में देरी पर नाराज़गी, आयुक्त ने पार्क निर्माण की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पार्क में प्रकाश एवं ध्वनि शो जैसी आधुनिक सुविधाओं के लिए भी सभी आवश्यक तैयारियां जल्द पूरी की जाएं।



### पार्क में होंगी ये विशेषताएं

परमवीर चक्र विजेताओं के भित्ति चित्र, बच्चों के लिए खिलौने और मनोरंजन की व्यवस्था, स्काई वॉक और पैदल पथ, ऐतिहासिक एम्प्रेस मिल की चिमनी का सुदृढ़ीकरण, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, लाइट एंड साउंड शो की सुविधा पूर्व महापौर दयाशंकर तिवारी ने भी सुझाव दिया कि शेष कार्यों को तेजी से पूरा कर पार्क को शीघ्र जनता के लिए खोला जाए। यह पार्क न केवल सैनिकों के बलिदान की गाथा को जीवंत करेगा, बल्कि शहरवासियों को देशभक्ति, सम्मान और प्रेरणा से भरपूर एक सांस्कृतिक स्थल भी प्रदान करेगा।

# शहर में नाबालिग सहित तीन युवतियों के साथ हुई दरिंदगी

### इमामवाड़ा, सोनेगांव और बेलतरोड़ी थाना क्षेत्रों में दर्ज हुए मामले

**नागपुर.**

शहर महिलाओं के खिलाफ बढ़ते यौन अपराधों के मामलों में सुर्खियों में है। पिछले तीन दिनों के दौरान शहर के अलग-अलग इलाकों में तीन युवतियों के साथ दुष्कर्म और धोखाधड़ी के गंभीर मामले सामने आए हैं। नाबालिग से दोस्ती का गलत फायदा, पहला मामला इमामवाड़ा थाना क्षेत्र का है, जहाँ एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ उसी के उम्र के एक किशोर ने शारीरिक संबंध बनाए। बताया जा रहा है कि लड़की के पेट में दर्द की शिकायत के बाद जब परिजन उसे जांच के लिए लेकर गए, तो पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है। जाँच जारी है। लोन के झांसे में युवती के साथ दुष्कर्म, दूसरा चौंकाने वाला मामला सोनेगांव थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां 24 वर्षीय एक युवती को लोन दिलाने के बहाने एक गिरोह के चंगुल में फंसाया गया। आरोप है कि आरोपियों ने युवती को एक होटल में बुलाकर उसके साथ बलात्कार किया और बाद में उसकी



न्यूड तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर उसे डराया।

इस मामले में घनश्याम साहू समेत चार महिलाओं सहित कुल पांच आरोपियों के खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। शादी के झांसे में होटल मालिक ने किया यौन शोषण, तीसरी घटना वर्धा रोड स्थित एक ओयो होटल में हुई है। आरोप है कि होटल मालिक बादल राउतकर ने एक महिला से शादी का झूठा वादा करके उसे करीब एक महीने तक अपने साथ रखा और बार-बार उसके साथ दुष्कर्म किया। शनिवार को आरोपी महिला को छोड़कर फरार हो गया, जिसके बाद पीड़िता ने बेलतरोड़ी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

# इस्लाम में इन्सान के साथ ऊंच-नीच का भेदभाव नहीं सब इंसान बराबर: जावेद शेख़




**नागपुर.** झिंगाबाई टाकली के दारुस्सलाम ऑडिटोरियम हॉल में 'रहमतुललिल आलमीन' विषय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस्लामी दृष्टिकोण से समानता, न्याय और मानवता पर गहन विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर प्रोफेसर मुहम्मद जावेद शेख़ ने कहा कि इस्लाम में किसी भी इंसान के साथ ऊंच-नीच का भेदभाव नहीं है और सभी बराबर हैं। उन्होंने न्याय, धोखा न देना, पड़ोसी के प्रति सद्भावना और माता-पिता की सेवा जैसे अहम सिद्धांतों को उजागर किया।

साथ ही उन्होंने ब्याज को अवैध करार दिया और लड़कियों को जायदाद में हिस्सेदारी देने की बात भी विस्तार से बताई। डॉ. सुरेश खैरनार ने इस्लामी शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए मानवता की रक्षा का आह्वान किया और गाजा पर इजरायल के अत्याचारों के खिलाफ अरब देशों की मौन भूमिका पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने महात्मा गांधी के 1930 में फलस्तीन को लेकर विचार भी साझा किये। डॉ. नरेंद्र जिचकर ने पैगंबर मुहम्मद की न्यायपूर्ण राजनीतिक शिक्षाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि न्याय सभी के लिए समान होना चाहिए, भले ही वह उनकी बेटी फातिमा ही क्यों न हो।

उन्होंने कहा कि आज की राजनीति चोरी और डकैती का पर्याय बन गई है, जबकि पैगंबर की न्यायप्रियता प्रेरणादायक है। एडवोकेट डॉ. विपिन मेंढे ने इस्लाम में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर व्यक्ति के लिए शिक्षित होना आवश्यक है। प्रोफेसर वारसे ने मानव सेवा के क्षेत्र में काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान के पाठ से हुई, और मराठी में पैगंबर मोहम्मद की शान में आदेश राजा ने नात प्रस्तुत किया। जेआईएच नागपुर नॉर्थ वेस्ट के स्थानीय अध्यक्ष इंतेख़ाब आलम ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन प्रोफेसर शमीम खान ने किया। इस कार्यक्रम की जानकारी जेआईएच मीडिया सचिव डॉ. एम ए रशीद ने दी।

# नागपुर जेल में हंगामा, सुरक्षाकर्मी से मारपीट

### तीन कैदियों के खिलाफ केस दर्ज

**नागपुर.**

शहर सेंट्रल जेल में शुक्रवार शाम सुरक्षाकर्मियों और कैदियों के बीच झड़प हो गई, जिसमें एक सुरक्षा रक्षक की कैदियों ने पिटाई की। घटना के बाद पुलिस ने तीन कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, 19 सितंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे जेल के बड़ी गोल सर्कल पर सुरक्षा रक्षक अंकुश




तेजनकर ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान कैदी निखिल उर्फ दंबा मनोहर वासनिक (25) ने एक अन्य कैदी शेखर सोमकुवर को कटोरी से मारने की धमकी दी। इसकी सूचना जेल अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने इसकी जांच के लिए निखिल और एक अन्य कैदी करण को बुलाया। सुरक्षाकर्मी अंकुश दोनों को लेकर अधिकारी के कक्ष में पहुंचे। बताया जाता है कि निखिल ने अधिकारी के सामने ही दबंगई दिखाते हुए जोर-जोर से बोलना शुरू कर दिया। अंकुश द्वारा उसे चुप कराने के प्रयास पर निखिल भड़क गया। पुलिस के मुताबिक, निखिल ने अपने साथी कैदियों प्रभाकर गोपाल चौधरी (25) और आकाश राधेश्याम नागरिकर (28) की मदद से अंकुश पर लात-घूंसों से हमला बोल दिया। उन्होंने अंकुश को गालियां देते हुए जेल से बाहर निकलने पर भी निशाना बनाने की धमकी दी। इस हमले से जेल में काफी अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित सुरक्षाकर्मी अंकुश तेजनकर की शिकायत पर धंतोली पुलिस ने तीनों कैदियों के खिलाफ सरकारी कर्मचारी पर हमला, उसके कार्य में बाधा डालने और धमकाने का मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी नागपुर जेल में सुरक्षाकर्मियों पर हमले की तीन घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस जांच में जुट गई है।

# भतीजों ने चाचा की लाठियों से पीट कर की हत्या

**नागपुर.** पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर चले आ रहे विवाद ने पाचपावली इलाके में एक हिंसक रूप ले लिया जहां भतीजों ने अपने ही चाचा पर लकड़ी के डंडों से हमला करके उनकी जान ले ली। यह घटना रविवार रात लश्करीबाग परिसर में घटी। पुलिस ने दोनों भतीजों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में अब हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मृतक की पहचान सुरेंद्र राघोजी चौधरी (उम्र 55) के रूप में हुई है। जबकि गिरफ्तार आरोपी उनके प्रशांत दीपक चौधरी (उम्र 48) और प्रफुल्ल दीपक चौधरी (उम्र 42) हैं। सभी का पता आंबेडकर कॉलोनी, लश्करीबाग है। पुलिस के अनुसार, सुरेंद्र चौधरी ई-रिक्शा चलाते थे। लश्करीबाग स्थित उनके घर के एक ही परिसर में दूसरी ओर प्रशांत और ऊपर की मंजिल पर प्रफुल्ल रहते थे। दोनों परिवारों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चल रहा था और अक्सर झगड़ा होता रहता था। झगड़े की वजह शराब और गाली-गलौज बताई जा रही है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार की शाम सुरेंद्र चौधरी ने शराब पी थी और उन्होंने भतीजों को गालियां देनी शुरू कर दीं।

# गुजराती ब्रह्मसमाज में नवरात्रि पर घट-स्थापना समारोह संपन्न

**नागपुर.**

श्री नागपुर गुजराती ब्रह्म समाज के गांधीबाग स्थित भवन में नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में घट स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर पंडित चेतन महाराज त्रिवेदी द्वारा मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ मां आदिशक्ति की घटस्थापना की गई।

घटस्थापना के मुख्य यजमान कल्पना बेन भद्रेश भाई व्यास परिवार थे। इस महोत्सव का महाचंडी एवं पूर्णाहुति यज्ञ 1 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा, जिसकी मुख्य यजमान कौशिक भाई, आशुतोष भाई और संजय भाई जोशी परिवार होंगे। शासन के निर्देशों का पालन करते हुए प्रतिदिन संध्या 7 से 10 बजे



तक मां नवदुर्गा की आराधना के साथ रास गरबा का आयोजन होगा। महाप्रसाद के मुख्य यजमान हंसा ठाकर एवं रोहन ठाकर परिवार, रास गरबा मंडप सज्जा के मुख्य यजमान तुषार रावल परिवार, अष्टमी फलाहार के मुख्य यजमान अशोक त्रिवेदी परिवार तथा नित्य अल्प आहार के मुख्य यजमान विकास जोशी परिवार हैं। इस अवसर पर ट्रस्टी मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र जहां, ट्रस्टी योगेश जोशी, देवेंद्र दवे, अशोक त्रिवेदी, अध्यक्ष संजय ठाकर, मानद मंत्री चेतन जोशी, उपाध्यक्ष राजेंद्र मेहता, निखिलेश ठाकर, सह मंत्री मनीष जोशी, नवरात्रि महोत्सव संयोजक केयूर व्यास, सह संयोजक बृजेश व्यास, राजेश जोशी, जयेश जोशी सहित अनेक सदस्य और महिला मंडल की अध्यक्ष वोल्गा ठाकर एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

युवा मंडल के प्रमुख हिमांशु शुक्ला और उनकी टीम ने भी समारोह में सक्रिय भागीदारी निभाई। समाज अध्यक्ष संजय ठाकर ने सभी जाति जनों से नवरात्रि महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर मानद मंत्री चेतन जोशी ने सभी दानदाताओं एवं सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# बेटे ने पिता पर चलाई तलवार

**नागपुर.** घरेलू विवाद में एक युवक ने अपने ही पिता पर तलवार से हमला कर दिया। यह चौंकाने वाली घटना शनिवार को सक्करदरा थाने के ताजाबाद इलाके में घटी। पीड़ित शमशाद शेख को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, विवाद का कारण शमशाद की विवाहित बेटी और दामाद का उनके साथ रहना था। इस बात से नाराज उनके बेटे जाफर शेख ने अपनी बहन और जीजा को गालियां देकर धमकाया। जब शमशाद ने बेटे को समझाने की कोशिश की, तो जाफर और भी भड़क गया। उसने तलवार निकालकर अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे शमशाद जख्मी हो गए।

# पार्किंग विवाद में पिता-पुत्र ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी से की मारपीट

**नागपुर.** एक सार्वजनिक स्थान पर गाड़ी पार्क करने को लेकर हुए विवाद ने बदतमीजी का रूप ले लिया। ट्रैफिक ब्रांच के एक पुलिस उपनिरीक्षक द्वारा गलत पार्किंग की गई कार का चालान काटे जाने पर एक पिता-पुत्र की जोड़ी भड़क उठी और उन्होंने पुलिसकर्मी पर हाथ उठा दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और मारपीट का मामला दर्ज किया है।

यह घटना लकड़गंज थाना क्षेत्र के टेलीफोन एक्सचेंज चौक से गंगाबाई घाट रोड की है। इस मार्ग पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते पहले से ही यातायात में परेशानियां हैं। ऐसे में मार्ग पर वाहनों की अवैध पार्किंग लोगों के लिए समस्या पैदा कर रही थी। ट्रैफिक ब्रांच के पीएसआई प्रदीप श्रीराव मंगलवार को इसी मार्ग पर अवैध रूप से खड़े वाहनों का चालान काट रहे थे। मार्ग पर स्थित एक श्रृंगार सामान की दुकान चलाने वाले इंद्रकुमार हाडा और उनके बेटे विपूल हाडा ने भी अपनी कार सड़क पर ही खड़ी कर रखी थी। पीएसआई श्रीराव द्वारा उनकी कार का चालान काटे जाने पर दोनों भड़क गए।

# नागपुर पुलिस को विशेष अभियान में बड़ी कामयाबी

### एक सप्ताह तक चले कॉम्बिंग ऑपरेशन में 136 संदिग्धों की हुई जांच, 7 वांटेड गिरफ्तार



**नागपुर.** नवरात्रि, दशहरा और धम्मचक्र प्रवर्तन दिन जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों से पहले शहर में कानून-व्यवस्था कायम रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के मकसद से नागपुर पुलिस ने एक विशेष कॉम्बिंग अभियान चलाया, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली है। परिमंडल-4 के पुलिस उपायुक्त के नेतृत्व में चले इस एक सप्ताह तक चले ऑपरेशन में 50 चोरी की गई दोपहिया गाड़ियों समेत महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह विशेष अभियान शहर के परिमंडल क्रमांक 4 अंतर्गत आने वाले सभी थाना क्षेत्रों में चलाया गया।

शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक चलने वाले इस ऑपरेशन में सात अधिकारियों और 35 कर्मियों की विशेष टीमें शामिल थीं।

इन टीमों ने संदिग्ध गतिविधियों वाले इलाकों में छापेमारी की और घरों की तलाशी ली। इस दौरान कुल 136 संदिग्ध व्यक्तियों की कड़ी जांच की गई। अभियान के तहत दर्ज मामले, गिरफ्तारियां: वांटेड सात आरोपियों को धर दबोचा गया। कानूनी कार्रवाई, संदिग्ध रूप से घूम रहे 22 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अवैध मादक पदार्थ: अवैध शराब के 10, जुए के 4 और गांजा सेवन के 3 मामले दर्ज किये गए।

अवैध हथियार: अवैध रूप से हथियार रखने के 2 मामले सामने आए। वाहन चोरी रैकेट का भंडाफोड़, इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी सफलता हुडकेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र में मिली। यहाँ वाहन चोरी के एक मामले की जांच में पुलिस ने रितिक असोपा और ऋषभ असोपा नाम के दो भाइयों को गिरफ्तार किया। उनसे लगभग 25 लाख रुपये की लागत की 50 चोरी की दो पहिया गाड़ियां बरामद की गईं। इस रैकेट का पर्दाफाश पुलिस की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# 28 को नागपुर में डिज़ाइन प्रदर्शनी- युवाओं के लिए करियर की नई राहें

**नागपुर.** रचनात्मक करियर की ओर युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भंवर राठौड़ डिज़ाइन स्टूडियो (बीआरडीएस) नागपुर में एक विशेष डिज़ाइन प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन 28 सितम्बर 2025 को इम्प्रेस मॉल स्थित नक्षत्र बैंक्वेट हॉल में होगा, जिसमें कला, नवाचार और डिज़ाइन शिक्षा का समागम देखने को मिलेगा। इस



प्रदर्शनी में इंटीरियर डिज़ाइन कांसेप्ट, प्रोडक्ट प्रोटोटाइप, आर्किटेक्चरल मॉडल और आर्ट इंस्टॉलेशन जैसे विविध रचनात्मक कार्य प्रदर्शित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य केवल युवाओं की रचनात्मकता को सामने लाना नहीं है, बल्कि यह भी दिखाना है कि डिज़ाइन क्षेत्र में किस प्रकार एक सफल और संतोषजनक करियर बनाया जा सकता है। नागपुर सेंटर की संस्थापक एवं क्रिएटिव डायरेक्टर रीना पांडे ने बताया, 'डिज़ाइन केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को नया आकार देने की प्रक्रिया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से हम नागपुर के युवाओं को यह दिखाना चाहते हैं कि डिज़ाइन उनके लिए एक संभावनाओं से भरा करियर विकल्प है।' बीआरडीएस पिछले 18 वर्षों से देश-विदेश के नामी संस्थानों जैसे एनआईडी, एनआईएफटी, सीईपीटी, आईआईटी और अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइन विश्वविद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए छात्रों का मार्गदर्शन कर रहा है। इसके पूर्व छात्र आज फैशन, इंटीरियर डिज़ाइन, आर्किटेक्चर, एनीमेशन, फाइन आर्ट्स और प्रोडक्ट डिज़ाइन जैसे क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं।

आज डिज़ाइन क्षेत्र में तेजी से बढ़ते रुझानों को देखते हुए यह प्रदर्शनी युवाओं के लिए एक लाइव करियर गाइड की तरह काम करेगी। चाहे वह स्मार्ट सिटीज़ की वास्तुकला हो, डिजिटल फैशन, 3डी प्रिंटिंग, एनएफटी, या एनीमेशन और गेम डिज़ाइन, यह आयोजन इन सभी संभावनाओं को समझने और उनसे जुड़ने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस प्रदर्शनी में शहर के प्रबुद्ध नागरिक, डिज़ाइन प्रेमी, उद्योग विशेषज्ञ और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर शामिल होंगे, जिससे छात्रों को न केवल मार्गदर्शन मिलेगा, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने की प्रेरणा भी मिलेगी। इस आयोजन के माध्यम से बीआरडीएस एक बार फिर साबित कर रहा है कि डिज़ाइन सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि रचनात्मकता, तकनीक और उद्यमिता का संगम है, जो युवाओं को न केवल रोजगार बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनने का अवसर देता है। प्रदर्शनी में प्रवेश निशुल्क है और इच्छुक छात्र, अभिभावक व डिज़ाइन क्षेत्र में रुचि रखने वाले नागरिक इसमें भाग लेकर अपने भविष्य की दिशा तय कर सकते हैं।

# पानठेले पर विवाद, युवक पर रॉड से किया हमला

**नागपुर.** गणेशपेठ थाना क्षेत्र के एसटी स्टैंड के पास 20 सितंबर को एक चौंकाने वाली घटना घटी। घटना रामबाग निवासी 35 वर्षीय निहाल यशवंत के साथ घटी, जो अपने मित्र मनीष कांबले के साथ पानठेले पर गए थे। जानकारी के अनुसार, निहाल के वहां पहुंचने पर मनीष के भाई अक्षीत कांबले ने उनके साथ विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि अक्षीत आगबबूला हो गया और उसने आसपास पड़ी एक रॉड उठा ली। माना जा रहा है कि अक्षीत ने गुस्से में आकर उसी रॉड से निहाल पर हमला कर दिया, जिससे निहाल के शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं और वह जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित निहाल को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।




# पुलिस पाटिल आज भी स्वतंत्र कार्यालय से वंचित, शासन निर्णय लागू नहीं

**वाडी.**

गांवों में कानून और व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पुलिस पाटिल आज भी अपने लिए अलग कार्यालय से वंचित हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने वर्ष 2012 में आदेश जारी किया था कि प्रत्येक नई ग्रामपंचायत इमारत में दो अनिवार्य कमरे होंगे, जिनमें से एक राजस्व अधिकारियों और दूसरा पुलिस पाटिलों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। लेकिन वर्ष 2025 तक भी इस आदेश का पालन जमीन स्तर पर नहीं हुआ है।

पुलिस पाटिल ग्राम स्तर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रहते हैं। महाराष्ट्र ग्राम पुलिस अधिनियम, 1967 के तहत उनकी नियुक्ति होती है और वे पुलिस तथा राजस्व विभाग से जुड़े कार्य निष्ठा पूर्वक करते हैं। बावजूद इसके, कार्यालय न होने के कारण सभी पत्रव्यवहार, रिपोर्ट, हाजिरी रजिस्टर और अन्य दस्तावेजी कार्य उन्हें अपने घर से ही करना पड़ता है।

नागपुर ग्रामीण क्षेत्र के सोनेगांव निपाणी के पुलिस पाटिल विजेंद्र कामडे, दवलामेटी के पंकज ढोके और लावा की जया कानफाडे ने 23 मई 2025 को उपविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्वतंत्र कक्ष उपलब्ध कराने की मांग की थी। इससे पहले फरवरी 2023 में ग्राम कामगार संघ ने भी जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था। जिलाधिकारी ने जिला परिषद को पत्र भेजकर पंचायत समिति को कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

इसके बावजूद पंचायत समिति स्तर पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## पुलिस पाटिलों की प्रतिक्रिया:



'गांव में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में हम हमेशा अग्रणी रहते हैं। लेकिन अपना कार्यालय न होने से सभी कार्य घर से ही करना पड़ता है।'

**– विजेंद्र कामडे, पुलिस पाटिल, सोनेगांव निपाणी**



'सरकार द्वारा 2012 में लिए गए निर्णय को तुरंत लागू किया जाना चाहिए। 5 अगस्त 2025 को राजस्व मंत्री और पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को इस संबंध में बयान भी दिया गया। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर हमें ग्राम पंचायत में अलग कार्यालय मिलेगा, तो काम और भी प्रभावी होगा और ग्रामीणों को भी सुविधा मिलेगी।'

**– पंकज ढोके, पुलिस पाटिल, दवलामेटी**

## सरपंच का पक्ष:



'शासन निर्णय हमें भी ज्ञात है, लेकिन पंचायत समिति की ओर से कोई ठोस आदेश प्राप्त नहीं हुआ। आदेश मिलते ही निश्चित रूप से पुलिस पाटिलों को स्वतंत्र कमरा उपलब्ध कराया जाएगा।'

**– ज्योत्स्ना नितनवरे, सरपंच, लावा**

# पोरवाल कॉलेज की छात्रा जान्हवी किकबॉक्सिंग में दूसरे स्थान पर

**कामठी.**




सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज की विज्ञान संकाय की छात्रा जान्हवी प्रणय मेश्राम ने हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है।

यह प्रतियोगिता खेल एवं युवा मामले निदेशालय, महाराष्ट्र राज्य, पुणे द्वारा 19 से 20 सितंबर, 2025 को भवभूति महाविद्यालय, आमगांव, जिला गोंदिया में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में गोंदिया जिले के कई विद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

जान्हवी मेश्राम ने अंडर-19 बालिका वर्ग के माइनस 51 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी प्रतिद्वंद्वी इच्छा लोखंडे के साथ मुकाबला किया और रजत पदक अपने नाम किया।

जान्हवी की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्या डॉ. स्वप्निल दहत, उप-प्राचार्या डॉ. सुधीर अग्रवाल, पर्यवेक्षक वी.बी. वंजारी और प्राध्यापिका डॉ. मल्लिका नागपुरे सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने जान्हवी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज में इतिहास अभ्यास मंडल का गठन



**कामठी.**

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए इतिहास विभाग ने इतिहास अभ्यास मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया है। इस मंडल का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशल विकसित करना और उन्हें 'नई शिक्षा नीति 2020' के तहत दिए गए फील्ड प्रोजेक्ट्स में मदद करना है।

कार्यक्रम के संयोजक और इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सावजी तागडे ने बताया कि यह मंडल छात्रों को उनके प्रोजेक्ट्स में सहायता देकर उनके कौशल को निखारेगा। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. स्वप्निल दाहात ने इस अवसर पर कहा कि इतिहास मनुष्य को परिपक्व और बुद्धिमान बनाता है, जिससे हम समाज के वर्तमान और भविष्य को बेहतर समझ पाते हैं। उपप्राचार्य डॉ. रेणु तिवारी ने नई कार्यकारिणी को पूरी सक्रियता के साथ काम करने की सलाह दी। सलाहकार डॉ. जयंत रामटेके ने सभी को स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करने का संदेश दिया। इस अवसर पर नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्यों को सम्मानित किया गया, जिनमें अध्यक्ष दिव्या मस्के, उपाध्यक्ष प्रज्वल सौलंकी, सचिव सुनामी शाहू, सहसचिव लखन देवांगन, कोषाध्यक्ष श्रुतिका चौधरी, और अन्य सदस्य शामिल थे। इस कार्यक्रम में आई.क्यू.ए.सी. संयोजक प्रशांत धोंगले, डॉ. समृद्धी टापरे, डॉ. महेश जोगी, डॉ. विकास कामडी और बड़ी संख्या में इतिहास के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रा. धम्मदिना बोरकर ने किया और आभार दिव्या मस्के ने व्यक्त किया।

# महिला कला महाविद्यालय उमरेड में अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर रवींद्र मिसाल का अतिथि व्याख्यान

**उमरेड.**




महिला कला महाविद्यालय उमरेड के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित अतिथि व्याख्यान में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ट्रेनर एवं पब्लिक स्पीकर रवींद्र मिसाल ने छात्रों को प्रेरक मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला मेश्राम ने की। अतिथि वक्ता रवींद्र मिसाल का प्राचार्या द्वारा सम्मानचिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया गया। कार्यक्रम का प्रास्ताविक परिचय इतिहास विभाग प्रमुख डॉ. लखपति गायकवाड ने दिया, जबकि अतिथि परिचय कु. प्रणाली हटवार ने प्रस्तुत किया। कु. सिमरन निकोडे ने संचालन किया और आभार कु. अंशुल बसेशंकर ने माना।

मुख्य वक्ता रवींद्र मिसाल ने विद्यार्थियों को मोटिवेशनल स्पीच एवं व्यक्तित्व विकास पर गहन मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि व्यक्तित्व विकास स्वयं किया जा सकता है। अपने अनुभव और उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्रों को यह समझाया कि आप जिस ज्ञान को प्राप्त करते हैं, उसे किस तरह अपने जीवन में प्रकट करें। साथ ही, कौशल का विकास और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्राचार्या डॉ. सरला मेश्राम ने भी व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थीं। सफल आयोजन में प्रा. आरती खेवले, प्रा. उपेंद्र बागुल, प्रा. रोशन नाटके, प्रा. डॉ. प्रमिला वंजारी, प्रा. डॉ. उत्तम वासनिक, धनंजय जोशी, संध्या घुमडे, दिपक हुमणे और उषा मेश्राम ने विशेष सहयोग किया। रवींद्र रा. मिसाल, अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर एवं पब्लिक स्पीकर, जेसीआई इंडिया नेशनल ट्रेनर के रूप में जाने जाते हैं और इस कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, नेतृत्व और व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

# आज आरपीआई की नागपुर में महत्वपूर्ण बैठक

**नागपुर.**

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) की नागपुर इकाई ने 23 सितंबर 2025 को दोपहर 3:00 बजे रवि भवन, सिविल लाइन्स में एक तत्काल बैठक बुलाई है. नागपुर क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश कुंभे की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में शहर के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

इस बैठक में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों, नागपुर शहर कार्यकारिणी और नगर निगम के वार्ड प्रमुखों की नियुक्तियों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, 'मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी' पहल और 3 अक्टूबर 2025 को होने वाले पार्टी के स्थापना दिवस की योजना पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। नागपुर महानगर अध्यक्ष रवींद्र सवाईतुल और कार्यकारी अध्यक्ष क्षितिज गायकवाड़ एवं नागपुर ज़िला ग्रामीण अध्यक्ष सुधीर शंभरकर द्वारा जारी इस सूचना के अनुसार, इस बैठक का उद्देश्य पार्टी की आगामी रणनीति तय करना और संगठन को मजबूत करना है। इसलिए, सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर सहयोग करने का अनुरोध किया गया है।

इस बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है।

# शारदीय नवरात्रोत्सव का भव्य शुभारंभ

**> सांसद-शासक एवं पुलिस प्रशासन का नवदुर्गा व मां सरस्वती के दरबार में पूजन-अर्चन**

**कोंढाली.**





शारदीय अश्विन नवरात्रोत्सव का आज कोंढाळी में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। नवदुर्गा महोत्सव के पहले दिन रामटेक लोकसभा सांसद शामकुमार बर्वे, पूर्व मंत्री सुनील केदार, याज्ञवल्क्य जिचकार, प्रकाश वसू सहित अन्य जनप्रतिनिधि कोंढाळी नगर पंचायत क्षेत्र में पहुँचे और माता रानी के दर्शन किए।

विनोद माकोडे एवं सहयोगियों द्वारा आयोजित नवदुर्गा महाधर्मोत्सव में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सांसद, पूर्व मंत्री और अन्य पदाधिकारी नवदुर्गा माता के दरबार में नतमस्तक हुए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

कोंढाळी क्षेत्र के विभिन्न नवदुर्गा महोत्सव मंडलों में भी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की और गरबा–डांडिया उत्सव की धूम रही। माँ सरस्वती मंदिर में भी विशेष पूजन-अर्चना से नवरात्रि का शुभारंभ किया गया।

पुलिस प्रशासन ने मंदिर परिसर एवं आसपास सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और नागरिकों से अपील की कि वे नवरात्रि उत्सव को शांतिपूर्ण, श्रद्धापूर्ण और सद्भावनापूर्ण माहौल में मनाएँ तथा प्रशासन का सहयोग करें।

नवरात्रि के प्रथम दिन नवदुर्गा माता एवं माँ सरस्वती के चरणों में नमन कर पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखा जा रहा है।

# सावनेर में रेलवे अंडरपास के पास अज्ञात व्यक्ति मृत पाया गया

**सावनेर.**





सावनेर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन अंडरपास के पास दिनांक 18 अगस्त 2024 को लगभग 60 से 70 वर्ष के एक अज्ञात व्यक्ति को अचेत अवस्था में पाया गया। स्थानीय नागरिक हितेश नंदकुमार बंसोड, जो हितज्योति आधार फाउंडेशन के संस्थापक हैं, ने उसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सावनेर लाया, जहां उपस्थित चिकित्सा अधिकारी ने उसे मृत घोषित कर दिया। सावनेर पुलिस ने धारा 174 सीआरपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है, लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस व्यक्ति की जानकारी हो तो तुरंत संपर्क करें। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 60 से 70 वर्ष बताई गई है, रंग गोरा, कद लगभग 166 सेमी., चेहरे की बनावट लंबी और लंबी मूंछों वाला, बाल काले-सफेद और पहनावा काली गंदी शर्ट व सीमेंट रंग की गंदी पैंट था। सावनेर पुलिस निरीक्षक उमेश पाटिल ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे इस अज्ञात व्यक्ति की पहचान के संबंध में किसी भी सूचना के लिए पुलिस स्टेशन सावनेर (0713-232209), पुलिस निरीक्षक उमेश पाटिल (9822511751) या जांच अधिकारी अरुण राठौड़ (8087807810) पर संपर्क करें।

# ड्रैगन पैलेस विपश्यना केंद्र का 8वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**> विपश्यना तनावमुक्त जीवन जीने में मदद करती है – सुलेखा कुंभारे**

**कामठी.**



ड्रैगन पैलेस विपश्यना केंद्र ने हाल ही में अपना 8वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर, केंद्र की संस्थापिका व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखाताई कुंभारे ने वर्तमान समय में विपश्यना ध्यान साधना की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया में अराजकता, अशांति और प्राकृतिक आपदाओं के कारण निराशा का माहौल बढ़ रहा है।

ऐसे में लोगों को मानसिक और भावनात्मक तनाव से बाहर निकालने के लिए विपश्यना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार योग शरीर को स्वस्थ रखता है, उसी प्रकार विपश्यना मन को शांत कर तनावमुक्त जीवन जीने में मदद करती है।

उन्होंने भविष्य में छात्रों, युवाओं, महिलाओं और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए विशेष आवासीय ध्यान शिविर आयोजित करने की योजना भी बताई। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, सोमवार (22 सितंबर 2025) को एक दिवसीय सामूहिक ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9:00 बजे शुरू हुए इस शिविर का समापन शाम 4:30 बजे विपश्यनाचार्य श्री. गोयनका गुरुजी के प्रवचन के साथ हुआ।

देशभर से सैकड़ों साधकों ने इस शिविर में भाग लिया और सामूहिक ध्यान साधना का अनुभव किया। पिछले आठ वर्षों से, ड्रैगन पैलेस विपश्यना केंद्र में नियमित रूप से 10 दिवसीय, 3 दिवसीय और 1 दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जाता है। देशभर के साधकों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है, जिससे उन्हें शिविर में भाग लेना आसान हो गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रेखा भावे, वंदना आळे, सुमल घरडे, शालु सावतकर, राजेश शंभरकर, सुनील वानखेडे, सचिन नेवारे, राजेश गजभिये, अजित बागडे, भैयालाल भोयर और अनिल कांबळे ने अथक प्रयास किए।

# कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में सिस्टर निवेदिता इंग्लिश क्लब का हुआ उद्घाटन

**नागपुर.**



कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु सिस्टर निवेदिता इंग्लिश क्लब का उद्घाटन समारोह वर्णेकर हॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का यशस्वी संयोजन क्लब की समन्वयक डॉ. श्वेता शर्मा ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात डॉ. श्वेता शर्मा ने प्रास्ताविक प्रस्तुत करते हुए क्लब के उद्देश्य, भाषा एवं साहित्यिक उपक्रमों में छात्रों की भागीदारी का महत्व रेखांकित किया। क्लब के अध्यक्ष अथर्व भारद्वाज ने आगामी वर्ष के शैक्षणिक व सह-अभ्यासक्रम गतिविधियों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों में साहित्यिक रुचि और संवाद कौशल विकसित करने की दिशा में क्लब की योजनाओं को सामने रखा। मुख्य अतिथियों के संबोधन में इंग्लिश क्लब की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच छात्रों में सर्जनात्मकता, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। आभार प्रदर्शन क्लब के सदस्य सचिव प्रतीक अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर क्लब के सक्रिय सदस्यों का सम्मान भी किया गया। औपचारिक सत्र के बाद छात्रों के लिए कई रोचक और प्रेरक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उनमें उत्साह और आपसी एकता की भावना प्रबल हुई।

यह उद्घाटन समारोह छात्रों की उत्साही भागीदारी से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अब सिस्टर निवेदिता इंग्लिश क्लब आने वाले दिनों में शिक्षा, सृजनशीलता और बौद्धिक विकास के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करने को तैयार है।

# शारदीय नवरात्रोत्सव का शुभारंभ: पुलिस प्रशासन ने मां सरस्वती के दरबार में दर्शन कर की पूजा-अर्चना

**काटोल.**



शारदीय अश्विन नवरात्रि के पावन पर्व का आज श्रद्धा और भक्ति के साथ शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर नागपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्री हर्षद पोतदार, काटोल उपविभागीय पुलिस अधिकारी बापू रोहम और काटोल पुलिस निरीक्षक रणजित शिरसाठ ने काटोल स्थित जागरूक स्वयंभू माँ सरस्वती मंदिर में पूजा-अर्चना कर देवी के दर्शन किए। नवरात्रि के प्रथम दिन पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं मंदिर परिसर का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान माँ सरस्वती चैरिटेबल ट्रस्ट और नवरात्रि उत्सव मंडल सरस्वती नगर के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**नवरात्रोत्सव के प्रथम दिन की मुख्य झलकियां:** माँ सरस्वती के मंदिर में पूजा-अर्चना से नवरात्र का शुभारंभ।

पुलिस प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर और आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण। उत्सव मंडल और ट्रस्ट पदाधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण का संचार।

श्रद्धालु माता रानी के दरबार में दर्शन करने के लिए उमड़ रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे उत्सव को शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण माहौल में मनाएँ तथा प्रशासन का सहयोग करें। नवरात्रोत्सव के प्रथम दिन पुलिस प्रशासन ने माँ सरस्वती के चरणों में नमन कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने का विश्वास दिलाया।

# सोयाबीन की फसल के दाम में गिरावट

## > किसानों की बढ़ी मुश्किलें

**अमरावती.**

सोयाबीन के किसानों के लिए इस साल की फसल आर्थिक संकट का कारण बनती नजर आ रही है। नए सीजन की सोयाबीन बाजार में आने से पहले ही हाल के दिनों में कीमतों में भारी गिरावट आई है।

जानकारी के अनुसार, एक महीने पहले 4500 से 4700 रुपये प्रति क्विंटल बिकने वाला सोयाबीन अब केवल 4000 से 4300 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है। इस गिरावट के कारण किसानों को प्रति क्विंटल 300 से 500 रुपये तक का नुकसान हो रहा है।विशेषकर उन किसानों की हालत चिंताजनक है जिन्होंने बड़ी मात्रा में सोयाबीन की फसल उगाई है। उनके लिए यह गिरती कीमतें सीधे आर्थिक नुकसान में बदल रही हैं। किसानों का कहना है कि जैसे ही नई सोयाबीन बाजार में आने लगेगी, कीमतों में और भी गिरावट आ सकती है।

इससे किसानों की फसल बेकार होने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर हो जाएगी। किसानों का कहना है कि मौजूदा समय में उत्पादन लागत और मार्केट प्राइस के बीच का अंतर बहुत बढ़ गया है।

बीज, उर्वरक और खाद पर खर्च बढ़ जाने के बाद भी फसल का लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इससे छोटे और मझोले किसानों के लिए खेती करना मुश्किल होता जा रहा है। किसानों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही समर्थन मूल्य लागू नहीं किया गया, तो बड़ी मात्रा में उत्पादन करने वाले किसानों की फसल पर भारी असर पड़ेगा और उनके आर्थिक हालात और बिगड़ेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि समर्थन मूल्य के माध्यम से ही उन्हें अपने उत्पादन लागत का उचित मुआवजा मिल सकता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि सोयाबीन की कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण नए सीजन की फसल की जल्द आने की संभावना और बाजार में मांग व आपूर्ति का असंतुलन है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोयाबीन के दामों में उतार-चढ़ाव





भी घरेलू कीमतों को प्रभावित कर रहा है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि किसानों को फसल की बिक्री में धैर्य रखना चाहिए और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

स्थानीय मंडियों में व्यापारी भी फसल के उचित मूल्य न मिलने की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि यदि कीमतें और गिरती हैं, तो किसान अपनी फसल बेचने के लिए मजबूर होंगे और इससे उनकी आय में भारी कमी आएगी। किसानों की मांग है कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर इस समस्या का समाधान करें।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनका आर्थिक नुकसान नहीं रोका गया, तो यह केवल किसानों का नहीं बल्कि पूरे कृषि क्षेत्र के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।इस तरह, सोयाबीन किसानों के सामने एक बड़ा संकट खड़ा है। नए सीजन की फसल के आने से पहले ही कीमतों में गिरावट ने उनके लिए चिंता और असुरक्षा की स्थिति पैदा कर दी है।

सरकार से उम्मीद है कि वे जल्द ही हस्तक्षेप करके किसानों को राहत प्रदान करें और उनके उत्पादन का उचित मूल्य सुनिश्चित करें।

# देवली में कविता संगोष्ठी: विधायक राजेश बकाने बोले – कविता हृदय से जुड़ने का प्रभावी माध्यम



**देवली.**

स्व. श्यामसुंदर अग्रवाल व्याख्यानमाला के उद्घाटन अवसर पर विधायक राजेश बकाने ने कहा कि कविता हृदय से सीधे जुड़ने का प्रभावी माध्यम है। कवि द्वारा प्रस्तुत रचनाएँ श्रोताओं को न केवल आनंदित करती हैं, बल्कि मानसिक रूप से प्रेरित भी करती हैं।

उन्होंने कहा कि काव्य में वीर रस, श्रृंगार रस और हास्य रस का विशेष महत्व है। वीर रस व्यक्ति को निर्बलता से उठाकर बलवान बना देता है, जबकि हास्य रस सभाओं में तनावमुक्त वातावरण निर्मित करता है। श्रृंगार रस से श्रोताओं को चेतनात्मक प्रेरणा मिलती है।

कार्यक्रम का आयोजन साबाजी स्पोर्ट असो. की ओर से स्वर्गीय श्यामसुंदर अग्रवाल की 51वीं पुण्यतिथि पर किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवियों – साहिल कुमार, डॉ. शांतिलाल कोचर, कुणाल दानिश, डॉ. खालिद नयर, एड. दिनेश शर्मा, एड. दिनेश तापड़िया और इमरान राही ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस मौके पर देवली के तीनों महाविद्यालयों में उपाधि परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अशोक शामसुंदर अग्रवाल स्मृति नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें ज्ञान भारती महाविद्यालय की पायल भोगेकर (कला विभाग), समरीन शेख जमील (विज्ञान विभाग) और सुबोध ठाकरे (वाणिज्य विभाग) शामिल रहे।

कार्यक्रम का प्रास्ताविक गणेश मालधुरे ने किया तथा संचालन एड. इब्राहिम बक्ष आज़ाद और महेश अग्रवाल ने संभाला।

# कृषि विवाद के चलते बैल को खिलाया गया जहरीला पाउडर

## > आरोपी पर मामला दर्ज

**देवली.**

कृषि विवाद के चलते एक किसान के बैल को जहरीला पाउडर खिलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में देवली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, केदार लेआउट निवासी किसान मोहन गोपालराव टिपले ने अपने बैलों को सोनेगांव रोड स्थित आशीष तिमांडे के खेत में बांध रखा था। प्यास लगने पर बैल पानी पीने पास के कुएं की ओर गया। उसी दौरान मौके का फायदा उठाकर केदार लेआउट निवासी आरोपी राजू महादेव तड़स ने बैल के मुंह में जहरीला पाउडर डाल दिया।



मोहन टिपले ने जब आरोपी को बैल के पास देखा और पूछा तो उसने गोलमोल जवाब दिए। इस बीच बैल का मुंह सफेद पाउडर से सना हुआ दिखाई दिया और आरोपी के हाथ पर भी पाउडर लगा था। कुछ ही देर में बैल चक्कर खाकर गिर पड़ा और लार टपकाने लगा। स्थिति बिगड़ते ही पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाया गया। डॉक्टर ने बैल की जांच कर जहरीले पाउडर की पुष्टि की। इसके बाद मोहन टिपले ने अपने साथी के साथ देवली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजू तड़स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद खेत किराए के भुगतान को लेकर था और इसी रंजिश में आरोपी ने यह हरकत की।

# लोअर वर्धा परियोजना का काम दो दशक बाद भी अधूरा, किसानों में आक्रोश

**मोझरी.**

विदर्भ सिंचाई विकास निगम के अंतर्गत आने वाली लोअर वर्धा परियोजना का काम पूरे दो दशक बाद भी अधूरा पड़ा है। पोटी, खानगांव और मोझरी शिवार के किसान आज भी नहर के पानी की एक झलक को तरस रहे हैं।

किसानों का कहना है कि वर्षों से काम अधूरा पड़ा है, जिसके चलते वे खरीफ और रबी सीजन में फसलों को पानी नहीं दे पाते। बाँध में जलाशय होने के बावजूद जब नहरों तक पानी नहीं पहुँचता, तो उसका कोई उपयोग नहीं रह जाता। किसानों ने सवाल उठाया कि जब करोड़ों रुपए खर्च हो चुके, तो फिर यह अधूरा काम किसके जिम्मे है? खानगांव और



बाबापुर शिवार की पोटी उप-लघु नहर की पिचिंग न होने से हर बार पानी छोड़ते ही नहर टूट जाती है और बहुमूल्य पानी बर्बाद हो जाता है। इस कारण खेतों की मिट्टी भी कटकर बर्बाद हो रही है। वहीं, खानगांव और पोटी की नहरें झाड़ियों से घिरी हुई हैं और सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है।

स्थानीय किसानों का आरोप है कि गुणवत्ताहीन निर्माण और ठेकेदार की लापरवाही से यह स्थिति बनी है। किसानों ने यहाँ तक कहा कि ठेकेदार ने फर्जी काम कर गुपचुप तरीके से मुनाफा कमाया और उसे उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद भी प्राप्त है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और अधूरी पड़ी परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने की माँग की है। किसानों का स्पष्ट कहना है – "मन को तरसाकर जल दर्शन नहीं चाहिए, हमें खेतों तक पानी चाहिए।"

# जाम चौक पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध गोवंश तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

**समुद्रपुर.**




नागपुर-हैदराबाद मार्ग पर अवैध तरीके से गोवंश की तस्करी की सूचना पर समुद्रपुर पुलिस ने जाम चौक पर नाकेबंदी की। इस दौरान एक आयशर ट्रक ने बैरिकेड तोड़कर भागने का प्रयास किया और पुलिस वाहन को टक्कर मारकर जानलेवा हमला किया। हालांकि पुलिस ने ट्रक का पीछा कर उसे पकड़ लिया।

पुलिस ने ट्रक से 6 बैल (कुल कीमत 1.50 लाख रुपये), 2 गाय (कुल कीमत 40 हजार रुपये) और ट्रक (कुल कीमत 15 लाख रुपये) जब्त किया। इस प्रकार कुल 16.90 लाख रुपये का अवैध माल पुलिस के कब्जे में आया।

इस कार्रवाई में भूषण ओमकार तरारे (रा. कामठी, नागपुर) और प्रकाश पायकस मसीह (रा. गणेशपुर, बलोदावाजार) को गिरफ्तार किया गया, जबकि शाहरुख कुरैशी, शेख रिजवाज अहमद, गणेश आसवले, मोहम्मद इमरान कुरैशी और मोनू उर्फ अजहर खान फरार हो गए हैं।

यह कार्यवाही मा. पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी हिंगणघाट सुशीलकुमार नायक के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में ठाणेदार रविंद्र रेवतकर (पोस्टे समुद्रपुर), ठाणेदार विकास गायकवाड़ (पोस्टे गिरड) तथा पुलिसकर्मी सफौ. रामदास चकोले, पोहवा. प्रकाश मैंद, पोहवा. कपिल मेश्राम, पोशि. संजय वानखेडे और पोशि. सत्यप्रकाश इंगळे शामिल रहे।

पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और उनसे जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास जारी है।

# अपराधी ने पुलिसकर्मियों पर किया हमला, दो घायल; मामले में दो गिरफ्तार

**भंडारा.**

भंडारा जिले के तुमसर पुलिस स्टेशन में कार्यरत पुलिस कांस्टेबल राकेश पटले और एक अन्य व्यक्ति की रात में गुंडों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। दोनों की हालत गंभीर है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तुमसर पुलिस स्टेशन के



पुलिस कांस्टेबल राकेश पटले रात में अपने दोस्त के साथ मितेवानी स्थित एक बार में गए थे। उसी बार में चार आरोपी बैठे थे। आरोपियों ने फीस को लेकर विवाद किया और दोनों की बेरहमी से पिटाई कर दी। दोनों की हालत गंभीर है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक आरोपी पर पहले भी गांजा बेचने का मामला दर्ज है। इसलिए कहा जा रहा है कि आरोपियों ने गांजा तस्करी की बात छिपाने के लिए पुलिस के साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में रात में ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, पुलिस ने कैमरे पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया है।

# मदनी में स्वास्थ्य रैली से गूंजा 'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार' का संदेश

**तुलजापुर.**




महात्मा गांधी आयुर्वेद संस्थान सेवाग्राम के सामुदायिक चिकित्सा विभाग और मदनी दिंदोळा ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में 20 सितंबर को मदनी ग्राम में "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत एक भव्य स्वास्थ्य रैली का आयोजन किया गया।

यह अभियान प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता के लिए चलाया जा रहा है। रैली में गाँव के स्कूली छात्र-छात्राओं, सेवाग्राम मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

डॉ. सुबोध गुप्ता, डॉ. धर्मपाल डंबारे, डॉ. अनुज मुंदड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र बेलुरकर, विजय कोल्हे, प्रमोद कालबांडे, जयप्रकाश मोरे और सुनील लोहे ने सक्रिय भूमिका निभाई।

महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के सचिव डॉ. बी. एस. गर्ग के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना है।

डॉ. सुबोध गुप्ता ने कहा कि यदि महिलाओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा तो पूरा परिवार मजबूत बनेगा। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की कि इस पखवाड़े के दौरान अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य जांच कराएं और स्वयं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

रैली की शुरुआत मदनी माध्यमिक विद्यालय से हुई और समापन मदनी उपकेंद्र पर हुआ, जहाँ "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार" का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

# कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने पालकमंत्री पंकज भोयर से की मुलाकात

## > सांसद पडोले भी रहे मौजूद

**भंडारा.**

भंडारा जिले के दौरे पर आए विजय वडेट्टीवार और पालकमंत्री पंकज भोयर ने मुलाकात की। पालकमंत्री पंकज भोयर विश्राम भवन में जनता दरबार में उपस्थित होने वाले थे। इस बात की जानकारी मिलने पर विजय वडेट्टीवार ने जनता दरबार के कार्यक्रम में पहुँच गए और पालकमंत्री पंकज भोयर से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों ने गले मिलकर एक-दूसरे के प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया। दरसल, पालकमंत्री पंकज भोयर भंडारा जिले के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने गोसीखुर्द परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई। परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की गति, तकनीकी पहलुओं, आस-पास के



गाँवों की समस्याओं और लंबित कार्यों पर चर्चा की गई। स्थानीय नागरिकों और किसानों को इस परियोजना से होने वाले लाभ, सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता और कृषि संबंधी लाभों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली गई। वहीं, कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार भी भंडारा के संत तुकाराम महाराज सभागार में 10 अक्टूबर को नागपुर में होने वाले ओबीसी महामोर्चा की योजना बैठक में शामिल थे।

वडेट्टीवार को जानकारी मिली कि पालकमंत्री भी भंडारा के दौरे पर हैं और वह जनता दरबार में भंडारा के नागरिकों से मिलने वाले हैं। इसके बाद कांग्रेस नेता जनता दरबार स्थल पर पहुंचे और उन्होंने पंकज भोयर से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल में साइबर सुरक्षा

## > सड़क सुरक्षा एवं पुलिस दीदी जागरूकता शिविर संपन्न

**बोरगांव मेघे.**

सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल में 20 सितंबर को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं पुलिस दीदी जागरूकता शिविर का आयोजन सत्येश्वर ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वर्धा के उप पुलिस निरीक्षक विशाल सवई ने किया। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में कहा कि – "तेजी से डिजिटल होती दुनिया में साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बेहद आवश्यक है। जिम्मेदार जीवनशैली अपनाकर ही हम सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं।'

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय शास्त्री सामाजिक मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही ने की। मंच पर आरटीओ पुलिस निरीक्षक इंद्रजीत मदने, साइबर सेल की स्मिता महाजन, भरोसा सेल की दीपाली फरकुंडे, दामिनी पथक की तारा ताकसांडे, रवीना जाधव, कमलेश




बढ़े, राज्य पुरस्कार प्राप्त आदर्श शिक्षक मोहन मोहिते, विद्यालय के संचालक विजय सत्याम व प्रधानाचार्य प्रीति सत्याम सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

इमरान राही ने मोबाइल और डिजिटलीकरण के चलते बढ़ते साइबर अपराध पर प्रकाश डाला। इंद्रजीत मदने ने बच्चों को गति सीमा का पालन करने, सड़क पर मोबाइल का प्रयोग न करने और यातायात संकेतों का सम्मान करने की सीख दी।

वहीं स्मिता महाजन ने साइबर क्राइम से बचाव के उपाय समझाए। भरोसा सेल – पुलिस दीदी और दामिनी पथक की सदस्याओं ने बच्चों को सुरक्षित और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर पल्लवी बोदिले और सूरज बोदिले को सम्मानित किया गया। इस दंपत्ति का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। विद्यालय परिवार ने सभी गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा संत ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सनोबर मैडम ने प्रस्तुत किया। उप-प्रधानाचार्या वर्षा देशपांडे और समस्त शिक्षिकाओं के सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# बुलढाना जिले में भारी बारिश से 2 लाख 58 हज़ार एकड़ ज़मीन प्रभावित, कई फसलें बर्बाद

**बुलढाना.**

बुलढाना जिले में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। लोणार, सिंदखेडराजा और मलकापुर क्षेत्रों में बादल फटने जैसी स्थिति बनने से खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं। बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है और लगातार हो रही मूसलाधार बरसात से किसानों पर संकट और गहराता जा रहा है।

कृषि विभाग के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, अगस्त माह तक जिले की लगभग 2 लाख 58 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हुई है। इस भूमि पर बोई गई कपास, अरहर, मक्का और सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलें नष्ट हो चुकी हैं। खेतों में चारों ओर पानी और कीचड़ भर जाने से बलिराजा की मेहनत मिट्टी में मिल गई है। किसानों का कहना है कि खेत में लगी खड़ी फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं और अब उन्हें आने वाले सीजन तक कोई उम्मीद नहीं बची है। सिंदखेडराजा तहसील के किंगांव राजा, पलासखेड़ चक्का और लोणार-मलकापुर क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, इन इलाकों में बारिश इतनी तीव्र हुई कि मानो बादल फट पड़े हों। नतीजतन, न



सिर्फ फसलें बर्बाद हुईं बल्कि ग्रामीण ढांचे और रोज़मर्रा की जिंदगी भी प्रभावित हो गई है। किसानों की तबाही इतनी बड़ी है कि वे अब सरकार से तात्कालिक मदद की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग है कि बुलढाणा जिले को तुरंत आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए और किसानों को राहत सहायता प्रदान की जाए। पीड़ित किसानों का कहना है कि बारिश से हुई इस आपदा ने उनकी साल भर की मेहनत छीन ली है। अब अगर समय पर सहायता नहीं मिली तो वे कर्ज और भूखमरी के संकट में धकेल दिए जाएंगे। किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने इस आपदा की गंभीरता को नहीं समझा और तत्काल राहत पैकेज की घोषणा नहीं की तो हालात और बिगड़ सकते हैं। कुछ किसानों ने यह भी आशंका जताई है कि लापरवाही जारी रही तो यहां नेपाल जैसे गंभीर हालात पैदा हो सकते हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में पहले से ही किसान आत्महत्या की घटनाएँ चिंता का विषय रही हैं। ऐसे में बुलढाणा जिले की मौजूदा स्थिति किसानों के लिए किसी बड़े संकट से कम नहीं है। खेती पर पूरी तरह निर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था इस बारिश से चरमरा गई है। स्थानीय प्रशासन ने नुकसान का प्राथमिक सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। हालांकि किसानों का कहना है कि यह औपचारिक प्रक्रिया धीमी है और जमीनी स्तर पर उन्हें अभी तक कोई राहत नहीं मिली है। प्रभावित किसान राज्य सरकार और केंद्र सरकार से अपील कर रहे हैं कि उन्हें फसल बीमा, मुआवजा और पुनर्वास पैकेज के जरिए तुरंत सहारा दिया जाए। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात ठप हो गया है और गांवों का संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर बारिश यूं ही जारी रही तो आने वाले दिनों में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

कुल मिलाकर, बुलढाणा जिला इस वक्त प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है। किसानों की आंखों में सिर्फ हताशा और भविष्य की चिंता झलक रही है। अब पूरा ध्यान इस पर है कि सरकार किस हद तक और कितनी तेजी से किसानों की मदद के लिए आगे आती है।

# भातकुली तहसील के तीन कृषि केंद्रों के लाइसेंस निलंबित

**अमरावती.**

जिले के भातकुली तहसील के टाकरखेड़ा संभू, धामोरी और वाठोड़ा शुक्लेश्वर स्थित कृषि केंद्रों के लाइसेंस 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। कृषि विभाग ने अनियमितताएँ पाए जाने पर यह कार्रवाई की है। कृषि अधिकारी डीएन गाडगे ने धामोरी स्थित श्लोक कृषि केंद्र का निरीक्षण किया था। अनियमितताएँ पाए जाने पर 11 जुलाई को कृषि अधीक्षक राहुल सातपुते के कार्यालय में सुनवाई हुई। इस सुनवाई के बाद, कृषि विभाग ने कृषि केंद्र के संचालक रामदास विश्वनाथ बैलमारे के कृषि केंद्र का लाइसेंस 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया है।

वाठोड़ा शुक्लेश्वर स्थित नवलकिशोर राठी की नवल ग्रो एजेंसी का निरीक्षण डीएन गाडगे ने किया। इस संबंध में 3 सितंबर को सुनवाई हुई। इस बीच, टाकरखेड़ा संभू स्थित शुभम अरुण ढोके के कास्तकार कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण तालुका कृषि अधिकारी उत्कर्षा भोसले ने किया। 3 सितंबर को सुनवाई हुई। इस सुनवाई के बाद, तीनों कृषि केंद्रों में अनियमितताएँ पाए जाने पर, कृषि अधीक्षक राहुल सातपुते ने 9 सितंबर को उनके विक्रय लाइसेंस 30 दिनों के लिए निलंबित करने का आदेश जारी किया। इस कार्रवाई से तालुका के कृषि केंद्र मालिकों में काफ़ी आक्रोश है।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### हरिभाऊ कळमकर



**नागपूर.** कळमना धान्यगंज आडतीया 'स्व. हरिभाऊ बळीरामजी कळमकर' (उम्र-91) निवासी सतरंजीपुरा, नागपूर इनका दि.22/09/2025 को दुखद निधन हुआ। अंतिम संस्कार गंगाबाई घाट पर किया गया। वे अपने पिछे भरपूरा परिवार छोड गये।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### तुलसाबाई धामंदे



**वर्धा.** लक्ष्मी नगर, इंजीनियर्स अपार्टमेंट निवासी तुलसाबाई पद्माकरराव धामंदे (आयु 101) का रविवार दि. 21 सितंबर को निधन हो गया। वे लक्ष्मीकांत धामंदे की माता थीं। उनके पश्चात परिवार में दो बेटे और दो बेटिया ऐसा भरा-पूरा परिवार है. उनपर स्थानीय समशानभुमी में अंतिमसंस्कार किया गया.

# 'ओमनगर दुर्गा उत्सव की दुर्गा मंदिर में हुई घटस्थापना'

> 'सौमित्र नंदी, वीणा नंदी बने यजमान'

**कामठी.**





'सोमवार को ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा का शुभारंभ हुआ'। 'मंदिर कमेटी के सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी (उप संपादक) और उनकी पत्नी वीणा नंदी ने इस वर्ष यजमान की भूमिका निभाई'।

'पंडित आचार्य अजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में घटस्थापना की गई'। पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई और भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए गए'। ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष कनवरसिंग पंघाल उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा को और भव्य तरीके से मनाया जा रहा है'। यह कार्यक्रम आने वाले नौ दिनों तक चलेगा, जिसमें हर दिन गरबा के अलावा अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये जाएंगे'। 'नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में माता के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी और भक्तगण बड़ी संख्या में इसमें भाग लेंगे'। इस दौरान भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा'। मंगलवार 30 सितंबर को सुबह 10 बजे हवन कार्यक्रम के साथ, शाम को 8 बजे पुरस्कार वितरण व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता अंकिता कोविद तलेकर करेंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, और नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष माया चवरे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, पंचायत समिति के पूर्व उपसभापति कमलाकर मोहोड़, पूर्व सरपंच देवराव आमधरे, पटवारी रूसल सहजे, पुलिस पाटील विशाल लक्ष्मण आमघरे, तंटामुक्त अध्यक्ष बाल्या ठाकरे, आयरन बिजनेसमेन तारा वर्मा, भूतपूर्व सैनिक दिलीप जाधव, सामाजिक कार्यकर्ता राहुल सैनी, ओला शोरूम मैनेजर गौरव मधोक, जैसे अन्य गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे।

'दुर्गा पूजा के समापन पर विजयादशमी के दिन रावण दहन किया जाएगा और 3 अक्टूबर को शाम में 7 बजे स्थापित घट का विसर्जन कन्हान नदी स्थित महादेव घाट पर किया जाएगा'।

घट पूजा अर्चना दौरान शीला खंडेलवाल, शशिकला खंडेलवाल, शोभा तालेवार, आशा प्रसाद, सोनाली बांछनिधि नंदी, नीलम राजकुमारसिंह बघेल, ज्योति प्रमोद बावनकुले, सीमा खंडेलवाल, पायल सुमित सिंधिया पाण्डेय, ज्योति प्रमोद बावनकुले, मीनू फुलबांधे, रीना फुलबांधे, नेत्रा आतिश मोडक, दीपाली सोनेकर, कु. खुशबू श्रावण केझरकर, कु. आंचल राजकुमारसिंह बघेल, कु. श्रुति वीणा सौमित्र नंदी, सहित मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, अनिल खंडेलवाल, कोविद तलेकर, राजकुमारसिंह बघेल, हर्षित राजकुमासिंह बघेल, सत्यम ठाकुर, शिवम ठाकुर आदि भक्तगण शामिल रहे।

# सुरेश कारुजी कोचे को आयुष महासम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया



**मुंबई.** मुंबई में रविवार को आयोजित एक भव्य समारोह में सुरेश कारुजी कोचे को आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएशन द्वारा प्रतिष्ठित आयुष महासम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। इस समारोह में भारत के सैकड़ों आयुष चिकित्सक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिनेस्टार श्रेया बुगडे, चिखली की विधायक श्वेताताई महाले, और संयुक्त राष्ट्र बाल एवं महिला सलाहकार डॉ. मंगला कोहली के साथ-साथ भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अधिकारी डॉ. एम गणेश और अन्य गणमान्य भी मौजूद थे।

आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बाबूराव कनाडे तथा उपाध्यक्ष डॉ. नितिन राजे पाटिल ने भी समारोह में भाग लिया। आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी जैसे डॉ. दिशा चव्हाण, प्रशांत सावंत, डॉ. रवि शिंदे, डॉ. रचित म्हात्रे, डॉ. जनार्दन यादव सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक और अधिकारी भी उपस्थित थे। सुरेश कारुजी कोचे को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने पर सभी स्तरों पर प्रशंसा और बधाई दी जा रही है, जो उनके आयुष चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का सम्मान है।

# 'सूर्यघर' योजना से विदर्भ बन रहा है आत्मनिर्भर



**नागपुर.** विदर्भ में 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली' योजना से ऊर्जा क्रांति, 1.14 लाख से अधिक परिवारों ने अपनाया सौर पैनल विदर्भ के नागरिकों के लिए 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली' योजना ऊर्जा क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव साबित हो रही है। बढ़ती बिजली कीमतों से राहत देने वाली यह योजना अब तक 1,14,978 परिवारों को लाभ पहुंचा चुकी है, जिन्होंने अपनी छतों पर सौर पैनल लगाकर कुल 442.7 मेगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता हासिल की है। योजना की खासियतें और सब्सिडी, सरकार की ओर से दी जा रही भारी सब्सिडी के चलते सौर पैनल लगाना अब बेहद किफायती हो गया है। 1 किलोवाट की क्षमता वाले प्रोजेक्ट पर 30 हजार, 2 किलोवाट पर 60 हजार और 3 किलोवाट तक के प्रोजेक्ट पर 78 हजार रुपये की सब्सिडी सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में मिलती है। योजना के तहत हर परिवार को महीने में 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलने का लाभ मिलेगा।

साथ ही, अतिरिक्त बिजली उत्पादन होने पर उसे महावितरण को बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकती है। विदर्भ में योजना की व्यापक सफलता, महाराष्ट्र में कुल 2,89,172 ग्राहकों ने इस योजना को अपनाया है, जिनमें से अकेले विदर्भ क्षेत्र के 1,14,978 परिवार शामिल हैं। नागपुर जिला 44,268 सौर पैनल के साथ सबसे आगे है। इसके बाद अमरावती (17,067), बुलढाणा (8,849), वर्धा (8,621), अकोला (8,339), चंद्रपूर (7,436), यवतमाल (7,012), भंडारा (4,844), वाशिम (3,584), गोंदिया (3,404) और गढ़चिरौली (1,554) जिलों ने भी शानदार भागीदारी दर्ज की है। विदर्भ में फिलहाल 42,100 सौर पैनल बिजली उत्पादन के लिए तैयार हैं, जबकि 70 घरों में अभी पैनल लगाने का कार्य चल रहा है।

सामाजिक और पर्यावरणीय महत्व, यह योजना केवल आर्थिक बचत का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी एक अहम कदम है। स्वच्छ, प्रदूषण-मुक्त ऊर्जा के इस स्रोत से न केवल बिजली बिलों में बचत होती है, बल्कि प्रदूषण भी कम होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 'राष्ट्रनेता ते राष्ट्रपिता' सेवा पखवाड़े के तहत महावितरण ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान भी चलाया है। पंजीकरण और संपर्क, इस योजना में शामिल होने के लिए घर बैठे https://pmsuryaghar.gov. इन पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या नजदीकी महावितरण कार्यालय से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड की स्थापना

## दत्ता मेघे इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च का होम्योपैथी क्षेत्र में बड़ा कदम



**नागपुर.**

वानाडोगरी स्थित दत्ता मेघे इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (डीएमआईएचईआर- डीयू) के शालिनीताई मेघे होम्योपैथी हॉस्पिटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर ने अपने शैक्षणिक और चिकित्सीय विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध होम्योपैथों का सलाहकार बोर्ड गठित किया है। इस बोर्ड की पहली बैठक हाल ही में नागपुर के पद्मश्री डॉ. विलास डांगरे की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्थान के समग्र विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शामिल थे डॉ. बी.आर. डब (रजिस्ट्रार, जेएंडके बोर्ड ऑफ होम्योपैथिक सिस्टम ऑफ मेडिसिन), डॉ. डी.एस. सिंह (प्रोफेसर, स्टेट लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज) सहित अन्य विशेषज्ञ, जबकि दत्त मेघे संस्थान के प्रमुख अधिकारी जैसे डॉ. अनूप मरार, डॉ. मनीष देशमुख और डॉ. प्रशांत भारबत भी मौजूद थे। प्रोफेसर मनीष देशमुख के मार्गदर्शन में प्रिंसिपल डॉ. प्रशांत भारबत ने शैक्षणिक संरचना मजबूत करने, आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाने, क्लिनिकल और रिसर्च क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित एक दूरदर्शी योजना प्रस्तुत की, जिसे सलाहकार बोर्ड ने सराहा। पद्मश्री डॉ. विलास डांगरे ने शुद्ध होम्योपैथी के ओपीडी और इनडोर प्रैक्टिस को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि संस्थान को होम्योपैथी की अपनी विशिष्ट पद्धति पर गर्व करना चाहिए और अन्य चिकित्सा पद्धतियों को अपनाने पर विचार नहीं करना चाहिए। सलाहकार बोर्ड का विश्वास है कि अगले पांच वर्षों में शालिनीताई मेघे होम्योपैथी हॉस्पिटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कर भारत और विदेशों से छात्रों को आकर्षित करेगा।

# इंडियन बैंक 'राजभाषा कीर्ति' पुरस्कार से सम्मानित

## गांधीनगर में पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में हिन्दी दिवस समारोह में मिला सम्मान



**गांधीनगर.** देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, इंडियन बैंक को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 2025 के दौरान आयोजित हिंदी दिवस समारोह में वर्ष 2024-25 के लिए राजभाषा कीर्ति तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इंडियन बैंक को यह पुरस्कार 'राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन' करने के लिए लगातार दूसरे वर्ष प्राप्त हुआ है। गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के प्रथम दिन हिन्दी दिवस समारोह-2025 में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा के कर-कमलों से इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में राजभाषा विभाग के महाप्रबंधक मनोज कुमार दास ने ग्रहण किया। यह पुरस्कार बैंक की राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन और बैंकिंग कामकाज में राजभाषा हिंदी को लागू करने में प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इंडियन बैंक सदैव 'ग्राहक की भाषा में ग्राहक सेवा' की भावना के साथ देशभर में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है।

# चाइल्डहुड कैंसर जागरूकता माह

## हर माता-पिता के लिए जरूरी जानकारी, डॉ. सागर भालेराव, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, वोक्हार्ट हॉस्पिटल, नागपुर.

**नागपुर.**



सितंबर माह विश्वभर में चाइल्डहुड कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों में कैंसर की चुनौतियों को समझना, समय पर पहचान और बेहतर इलाज को बढ़ावा देना है। बच्चों में कैंसर आज भी मृत्यु का एक बड़ा कारण है, लेकिन आधुनिक उपचार और जागरूकता से ठीक होने की संभावनाएं बढ़ी हैं। बच्चों का कैंसर वयस्कों से अलग होता है क्योंकि यह जीवनशैली से नहीं, बल्कि जीन संबंधी बदलावों से होता है। प्रमुख प्रकारों में ल्यूकेमिया, मस्तिष्क और नर्वस सिस्टम के ट्यूमर, लिम्फोमा, न्यूरोब्लास्टोमा, विल्म्स ट्यूमर, हड्डियों के कैंसर जैसे ऑस्टियोसारकोमा और यूइंग सारकोमा शामिल हैं। समय पर लक्षणों की पहचान अत्यंत आवश्यक है क्योंकि कैंसर के शुरुआती संकेत अक्सर सामान्य बीमारियों जैसे समझ लिए जाते हैं। माता-पिता को लगातार बुखार, असामान्य थकान, वजन घटना, भूख न लगना, बिना वजह सूजन या गांठ, हड्डियों या जोड़ों में दर्द, बार-बार सिरदर्द, आंखों की रोशनी में बदलाव, आसानी से चोट लगना या खून निकलना जैसे लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए और तुरंत डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स, नागपुर में बाल कैंसर का इलाज एक समग्र टीम द्वारा किया जाता है जिसमें पेडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट, सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और मनोवैज्ञानिक शामिल हैं। जांच में ब्लड टेस्ट, इमेजिंग स्कैन, बायोप्सी जैसे परीक्षण होते हैं। इलाज के विकल्पों में सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, इम्यूनोथेरपी और टारगेटेड थेरेपी शामिल हैं। जागरूकता न केवल समय पर निदान को बढ़ावा देती है बल्कि सामाजिक कलंक और भय को भी कम करती है, जिससे कैंसर पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन मिलता है। वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स का मानना है कि सही जानकारी ही बच्चों की जान बचाने की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

# गडकरी के सहयोग से न्यूरो ऑपरेशन सफल, डॉक्टरों को दी शुभकामनाएं



**नागपुर.** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन व सहयोग से 50 वर्षीय मरीज धनराज खिराड़कर का कठिन न्यूरो ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सफल शल्यक्रिया के लिए प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. क्षितिज गुल्हाने एवं डॉ. अतुल सिंह राजपूत ने विशेष भूमिका निभाई। सामाजिक कार्यकर्ता संतोष यादव, मिर्ज़ा शकील बेग एवं सचिन यादव ने मरीज और उनके परिवार को इस कठिन समय में सहयोग प्रदान किया। मरीज के परिजनों ने डॉक्टरों एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।

# मेलघाट के 22 गांव अब भी अंधेरे में!

## आज़ादी के 77 साल बाद भी मोबाइल की टॉर्च में हुई प्रसूति का सनसनीखेज मामला!

**अमरावती, राजेश मालवीय.**



मेलघाट का अंधेरा एक बार फिर प्रशासन की निष्क्रियता का जिंदा सबूत बनकर सामने आया है। आज़ादी को पूरे 77 साल बीत चुके हैं, लेकिन अब भी 22 आदिवासी गांव अंधेरे के गर्त में हैं। बीती रात हतरु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली आपूर्ति बाधित होने पर मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में प्रसूति का रोमांचक प्रसंग हुआ। सौभाग्य से मां और बच्चा सुरक्षित हैं, लेकिन यह घटना स्वास्थ्य व्यवस्था और बिजली आपूर्ति की दयनीय स्थिति का निर्लज्ज प्रमाण साबित हुई है।

गांव-गांव में अंधेरा– शिक्षा, स्वास्थ्य और जनजीवन ठप्प हतरु, बोट्यांखेड़ा, रेहत्याखेड़ा, रायपुर, माखला, बिचु खेड़ा, चुनखड़ी, नवलगांव, खडिमल, माडीझडप, रक्षा, खोकमार, चोपण समेत 22 गांव अब भी अंधेरे में डूबे हैं। नियमित बिजली आपूर्ति न होने से स्कूल, आंगनवाड़ी, आश्रम शालाएं ठप्प, पीने के पानी की समस्या गंभीर, मोबाइल चार्जिंग में भी दिक्कतें – यही इनका रोज़ का सच है। बिजली प्रशासन के आश्वासन – सिर्फ कागज़ों पर! कुछ दिन पहले नाराज़ ग्रामीणों ने मोर्चा निकालकर विरोध दर्ज कराया था। मगर महावितरण की ओर से केवल आश्वासन ही दिये गए।

कार्यकारी अभियंता प्रदीप अंधारे ने कहा – 'जारीदा सब स्टेशन को मंजूरी मिल चुकी है। शासन आदेश मिलते ही 22 गांव रोशन हो जाएंगे। हतरु की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए प्रयास जारी हैं।' लेकिन ग्रामीण सवाल कर रहे हैं – 'शासन आदेश कब आएगा? कितनी और प्रसूतियां मोबाइल टॉर्च में होनी बाकी है?'

**स्थानीयों का आक्रोश– '77 साल बाद भी अंधेरा क्यों?' आज़ादी को 7 दशक बीत गए, फिर भी मेलघाट वंचित क्यों?** मोबाइल टॉर्च में प्रसूति– क्या यही विकास है या शर्मनाक पराजय? कागज़ी मंजूरी, लेकिन गांव में अब भी अंधेरा– जिम्मेदार कौन? ग्रामीणों का सब्र टूटा – अब सड़क पर उतरने के अलावा चारा नहीं! सच यही है – विकास के नारों के बीच मेलघाट आज भी 'अंधेरे' में डूबा है। मोबाइल टॉर्च में प्रसूति करवाने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों का साहस जितना सराहनीय है, उतना ही यह प्रसंग शासन के लिए धिक्कारयोग्य है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 278-7 | 689-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 220-4 | 500-5 |

# सरकार की उपेक्षा के खिलाफ़ किसान का अनोखा विरोध

**अमरावती.** जिले के तिवसा तहसील के सुजातपुर के किसान दयाराम राठौड़ ने लगातार बारिश से अपनी फसलों को हुए नुकसान के प्रति सरकार की उपेक्षा के विरोध में एक अनोखा तरीका अपनाया है। तिवसा तहसील के किसान दयाराम राठौड़ के खेत में सोयाबीन की पूरी फसल बारिश से बर्बाद हो गई है। बार-बार आवेदन करने के बावजूद कोई मदद या पंचनामा न मिलने से नाराज़ राठौड़ ने रोटावेटर कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र छपवाकर गांव में बांट दिये। ये कार्ड कृषि अधिकारियों को भी भेजे गए। इतना ही नहीं, कार्यक्रम वाले दिन खेत पर आने वाले सभी लोगों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई थी।

# पत्रकारों पर हमले का महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ ने किया कड़ा निषेध

## मुख्यमंत्री से आरोपियों पर कठोर कार्रवाई कर तुरंत गिरफ्तारी की मांग



**अमरावती.** लोकशाही का चौथा स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों को अब खबरें संकलित करने के लिए बार-बार अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है, ऐसी चिंताजनक स्थिति बन गई है। नाशिक के त्र्यंबकेश्वर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों पर हुआ हमला और अमरावती रेलवे स्टेशन पर पत्रकार विनोद इंगले पर टीसी द्वारा की गई मारपीट – इन दो घटनाओं से संपूर्ण पत्रकारिता जगत हिल गया है। पत्रकारों पर हमला करने वालों पर पत्रकार संरक्षण कानून अंतर्गत कार्रवाई की जाए. इस मांग का निवेदन महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ के विदर्भाध्यक्ष नयन मोंढे के नेतृत्व में शनिवार को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भेजा गया। नाशिक की घटना में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार योगेश खरे, किरण ताजने और अभिजीत सोनवणे पर गांव के गुंडों ने हमला किया। छतरी, लाठी और पत्थर से बेदम पिटाई किए जाने से ये तीनों पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। पत्रकारिता के इतिहास की यह एक अत्यंत चौंकाने वाली और निंदनीय घटना मानी जा रही है। इसी बीच, अमरावती रेलवे स्टेशन पर देशोन्नती समाचार पत्र के पत्रकार विनोद इंगले को एक टीसी द्वारा पीटे जाने की गंभीर घटना सामने आई है। सार्वजनिक स्थान पर हुए इस हमले के कारण पत्रकारों की सुरक्षा का प्रश्न और गंभीर हो गया है। इन दोनों घटनाओं का महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ, मुंबई की ओर से तीव्र निषेध किया गया है। निवेदन में स्पष्ट कहा गया है कि आरोपियों पर कठोर अपराध दर्ज कर उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। पत्रकारों पर हुए हमले केवल संबंधित पत्रकारों पर ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। निवेदन देते समय उपस्थित: नयन मोंढे (विदर्भ प्रदेशाध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ, मुंबई), सुरज दहाट, प्रा. संजय शेंडे, छगन जाधव, अमर घटारे, शहराध्यक्ष विक्रम ढोके, अंकुश बनसोड, अनिकेत दहातोंडे, अर्चना रक्षे, विनोद इंगले, नकुल नाईक, प्रवीण शर्मा, निशिकांत देशमुख, अभिजीत तिवारी, सुभाष कोटेजा, संजय मोहोल, उज्वल भालेकर, सागर तायडे, सोमेश्वर जवले, प्रवीण शेगोकार, विजय गायकवाड, शुभम मेश्राम, संजय तायडे।

**अन्यथा राज्यभर आंदोलन**

लोकशाही को टिकाए रखने में पत्रकारों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन बार-बार पत्रकारों पर हो रहे हमलों से पत्रकारिता का वातावरण खतरे में आ गया है। सरकार को इसकी गंभीरता से दखल लेकर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करनी होगी और पत्रकारों की सुरक्षा की गारंटी देनी होगी। अन्यथा राज्यभर में महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ तीव्र आंदोलन करेगा।

# आदिवासी समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले पहुंचे जेल

## आदिवासी महिलाओं पर की गई थी अश्लील टिप्पणी, दिग्रस पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**दिग्रस.**



आदिवासी समाज तथा आदिवासी महिलाओं के खिलाफ इंस्टाग्राम पर अश्लील पोस्ट करनेवाले दो आरोपियों को दिग्रस पुलिस ने मात्र 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है. इस संदर्भ में दिग्रस पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस स्टेशन दिग्रस में बजरंग नगर निवासी गजानन बाबाराव गंडाले ने आदिवासी महिलाओं के खिलाफ इंस्टाग्राम पर अभद्र तथा अश्लील टिप्पणी करनेवाले व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. गजानन गंडाले के अनुसार वह 18 सितंबर को अपने घर पर था शाम 7 बजे उसने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो देखा अकाउंट धारक सोहम _99_पवार यह इंस्टाग्राम अकाउंट चलाने वाले व्यक्ति ने उस वीडियो में आदिवासी समाज और आदिवासी समाज की महिलाओं के खिलाफ अश्लील वक्तव्य किया. जिसके बाद गजानन गंडाले नामक आदिवासी युवक ने आदिवासी समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले अश्लील वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई. जिसके बाद दिग्रस पुलिस थाने में 196(1), 296 भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(1) (आर),3 (1) (एस) अनुसूचित जाती अनुसूचित जनजाति अत्याचार प्रतिबंधक अधिनियम 1989 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरु की.

उपरोक्त मामले में इंस्टाग्राम आईडी धारक आरोपी को ढूंढने पुलिस अधीक्षक कुमार चिंता, जांच अधिकारी तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी दारव्हा डॉ सिद्धेश्वर भोरे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक वैजनाथ मुंडे ने पुलिस दस्ते को साथ लेकर गुप्त खबरियों को सक्रिय किया. मात्र 48 घंटे के भीतर उपरोक्त अपराध में लिप्त आरोपियों को धर दबोचा गया. इस कारवाई में पकड़े गए आरोपियों में मोख क्रमांक 1 निवासी सोहम गोविंद पवार (उम्र-25) और पुसद तहसील के लोहारा गांव निवासी प्रफुल वसंत चव्हाण (उम्र-19) शामिल है. पुलिस अधीक्षक कुमार चिंता के आदेश पर इस कार्रवाई में अप्पर पुलिस अधीक्षक अशोक थोरात, उप विभागीय पुलिस अधिकारी डॉ सिद्धेश्वर भोरे (दारव्हा) के मार्गदर्शन में दिग्रस पुलिस निरीक्षक वैजनाथ मुंडे, सहायक पुलिस निरीक्षक प्रेसंजीत जाधव, सहायक पुलिस निरीक्षक अमोल गुंडे, पुलिस हेड कॉन्स्टेबल रवींद्र, मोरलेवार, गोपनीय शाखा के पुलिस हेड कॉन्स्टेबल अनिल मदने, पुलिस अमलदार नरसिंग राठोड, पुलिस अमलदार देवा फलटणकर आदि ने इस कारवाई को अंजाम दिया.